## सामान्य हिंदी

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नो का उपयुक्त उत्तर दीजिये।

'सदा जीवन उच्च विचार' - यह मुहावरा सुनने में कितना मनमोहक है, परन्तु इसके अनुरूप जीवन को ढालना अत्यंत कठिन है। इस मुहावरे को साकार कर जीवन में उतारने वाले डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन उन महापुरुषों की श्रेणी में आते हैं जिनकी कथनी और करनी में कोई अंतर न था। वे जो कहते थे उसे करके ही दम लेते थे। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने जीवन को कठिन तपस्या के रूप में लिया और स्वयं को इसकी आग में तपाकर कुंदन बना लिया। तदंतर उनकी चमक से सम्पूर्ण विश्व प्रकाशित हो उठा। वे किसी राजनैतिक दल अथवा जोशीले भाषणों के बल पर दुनिया में पूजनीय नहीं हुए, बल्कि उन्होंने इस सम्मान और ऊंचाई को अपनी योगिता के बल पर प्राप्त किया। उनका जीवन एक शिक्षक के रूप में आरम्भ हुआ था, लेकिन अपनी बौद्धिकता और योग्यता के बल पर उन्होंने एक महान दार्शनिक और लेखक के रूप में ख्याति प्राप्त की। साथ ही वे एक ओजस्वी वक्त के रूप में पहचाने गए। जब डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए तो उन्हें दस हजार रुपये मासिक वेतन मिलता था। लेकिन वे मात्र ढाई हजार रुपये मासिक वेतन लेते थे। उनके वेतन की शेष राशि देश की उन्नति और विकास कार्यों में खर्च होती थी। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के प्रति समर्पित थे।

प्र. 61 - डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन किस रूप में शुरू हुआ था?

1. दार्शनिक
2. लेखक
3. शिक्षक
4. वक्ता

प्र. 62 - डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन अपने किस गुण के कारण दुनिया में पूजनीय हुए?

1. ओजस्वी वक्त के कारण
2. योग्यता के कारण
3. लेखक के कारण
4. दार्शनिक होने के कारण

प्र. 63 - डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जब राष्ट्रपति पद पर थे उनके वेतन की शेष राशि किस कार्य में खर्च होती थी?

1. देश की उन्नति और विकाश कार्यों में
2. राष्ट्रपति भवन के रखरखाव में
3. बैंक के कहते में जमा होती थी।
4. परिवार के जीवन यापन में

प्र. 64 - 'समर्पित' शब्द में कौन सा प्रत्यय है।

1. त
2. पित
3. ईत

www.4eno.in
up police

4. इत

प्र. 65 - इस गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक क्या है?

1. सादा जीवन, उच्च विचार
2. राष्ट्रपति राधाकृष्णन
3. महान दार्शनिक
4. डॉ. राधाकृष्णन - एक विराट व्यक्तित्व

प्र. 66 - वर्णो के उस समूह को जिससे कोई निश्चित अर्थ निकलता हो, कहा जाता है:

1. शब्द
2. वर्ण
3. वर्ण-समूह
4. वक्तव्य

प्र. 67 - निम्नलिखित में से किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?

1. श्याम खाता है
2. सतीश गाता है
3. अहमद पढता है
4. मोहन सोता है

प्र. 68 - 'जिसका कोई शत्रु पैदा ही नहीं हुआ हो' के लिए एक शब्द क्या है।

1. आजानुबाहु
2. अजातशत्रु
3. अज्ञातशत्रु
4. अजातपूर्व

प्र. 69 - 'ऐसा रोज जिसका उपचार संभव न हो' के लिए एक शब्द है:

1. अरोगी
2. अतिरोगी
3. विरोगी
4. असाध्य

प्र. 70 - वह चल बसा है कौन सी क्रिया है?

1. संयुक्त क्रिया
2. अकर्मक क्रिया
3. सकर्मक क्रिया
4. पूर्वकालिक क्रिया

www.4eno.in up police

प्र. 71 - रमेश बिगड़ा हुआ लड़का था। किस काल का वाक्य है?

1. भविष्यकाल
2. वर्तमानकाल और भूतकाल
3. वर्तमानकाल
4. भूतकाल

प्र. 72 - 'राम से खाया नहीं जाता' में कौन सा वाच्य है?

1. कर्मवाच्य
2. भाववाच्य
3. कृर्तवाच्य
4. इनमे से कोई नहीं

प्र. 73 - 'प्रत्येक' शब्द में मूल शब्द क्या है?

1. येक
2. प्रति
3. एक
4. इनमे से कोई नहीं

प्र. 74 - 'रोहन ने दसवीं कक्षा में बहुत मेहनत की' यह कौन सी वाक्य है?

1. सरल वाक्य
2. संयुक्त वाक्य
3. मिश्र वाक्य
4. इनमे से कोई नहीं

प्र. 75 - 'कुछ लोग' कौन सा विश्लेषण का उदाहरण है?

1. निश्चित परिणामवाचक
2. अनिश्चित परिणामवाचक
3. अनिश्चित संख्यावाचक
4. गुणवाचक विशेषणा

प्र. 76 - निम्नलिखित 6 वाक्यांशों में से प्रथम व् अंतिम निश्चित हैं, वाक्यों को उचित क्रम में व्यवस्थित कीजिये।

(1) द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान
(2) भारत का तात्कालिक सहयोग
(3) ब्रिटेन के लिए
(4) जो पहले से ही सम्बन्ध युद्ध सामग्री
(5) प्राप्त करना अनिवार्य हो गया

www.4eno.in
up police

(6) के लिए जींवन स्रोत था।

1. 1,2,4,3,5,6
2. 1,4,5,2,3,5
3. 1,3,2,5,4,6
4. 1,3,4,2,5,6

प्र. 77 - 'सौ सयाने एक मत' लोकोक्ति का अर्थ है?

1. कुछ भी निश्चय न कर पाना
2. ज्यादा चालाक बनना
3. अपने विचारों में भिन्नता होना
4. बुद्धिमानों के विचार एक से होते हैं

प्र. 78 - 'जो कहानी मैंने लिखी है वह जरूर पढ़ना।' यह वाक्य किस सर्वनाम की ओर संकेत करता है?

1. प्रश्नवाचक सर्वनाम
2. निजवाचक सर्वनाम
3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम
4. संबंधवाचक सर्वनाम

प्र. 79 - 'तुमने किससे बात की?' दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द में सर्वनाम का कौन सा भेद है?

1. निजवाचक सर्वनाम
2. प्रश्नवाचक सर्वनाम
3. संबंधवाचक सर्वनाम
4. अनिश्चयवाचक सर्वनाम

प्र. 80 - इनमे से कौन सा विकल्प बाकि तीनों विकल्पों से पूरी तरह अलग है?

1. कमल
2. चमेली
3. जाम
4. जूही

प्र. 81 - 'मैं घर पहुंचा और घर पर ताला लगा हुआ था' यह कौन सा वाक्य है?

1. सरल वाक्य
2. संयुक्त वाक्य
3. मिश्र वाक्य
4. इनमे से कोई नहीं

www.4eno.in up police

प्र. 82 - निम्न में से कोई एक युग्म समोच्चारित नहीं है, चयन कीजिये।

1. कोश-कोस
2. करोड़-क्रोड़
3. कर्ण-कान
4. कर्म-क्रम

प्र. 83 - निम्न शब्द युग्म के अर्थ भेद में कौन सा गलत है?

1. कलपना-कल्पना = दुखी होकर विलखना-मूर्त विचार
2. कान्ति-क्लान्ति = चमक-ख्याति
3. गुटका-गुटीय = पुस्तिका-गोली
4. गोरा-काला = सफ़ेद-गोल वस्तु

प्र. 84 - 'फ़ैक्टरी बंद करा दी गयी' उपयुक्त वाक्य में कौन -सा वाच्य है?

1. कृर्तवाच्य वाच्य
2. कर्म वाच्य
3. भाव वाच्य
4. इनमे से कोई नहीं

प्र. 85 - दिए गए वाक्यांश के लिए एक शब्द का प्रयोग कीजिए। 'हानि की आशंका से उत्पन्न होने वाला मनोवेग'

1. डाबर
2. दर
3. डयाड़ी
4. डपोरशंख

प्र. 86 - निम्नलिखित वाक्य में से रेखांकित शाद के समानार्थी शब्द का चयन कीजिए।

"सूर्योदय से पूर्व दिशा <u>रंजीत</u> थी।"

1. सुशोभित
2. लालिमायुक्त
3. आलोकित
4. मंडित

प्र. 87 - छत से ईट गिरी वाक्य में कौन सा कारक है?

1. अपादान
2. संबंध
3. अधिकरण

www.4eno.in
up police

4. सम्प्रदान

प्र. 88 - 'कर्पट' का तद्भव रूप है

1. कपट
2. कमठ
3. कपूर
4. कपडा

प्र. 89 - इन शब्दों में से कौन शब्द हिंदी शब्दकोष में सबसे अंत में आएगा?

1. क्लोव
2. क्रम
3. कृषक
4. कृशानु

प्र. 90 - 'राजभाषा' का सही अर्थ क्या है?

1. किसी राज्य की विशेष मातृभाषा
2. सर्वसाधारण की मातृभाषा
3. शुद्ध और साहित्यिक भाषा
4. सरकारी कार्यालयों में प्रयुक्त होने वाली भाषा

प्र. 91 - निम्न पंक्ति में अलंकार पहचानिए।
विल विचारी प्रविसन लाग्यो नाग शुण्ड में व्याल
ताहू करि सिंधु ऊख भ्रम लियो उठाये उत्ताल।

1. रूपक
2. श्लेष
3. उत्प्रेक्षा
4. भ्रांतिमान

प्र. 92 - नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन से शब्द जातिवाचक संज्ञा को दर्शाता है?

1. ताजमहल, शाहजहां
2. बालक, पशु
3. ऊपरी, जागरण
4. रह, सह

प्र. 93 - 'पुहुप' निम्न में से किसका पर्यायवाची है?

1. प्रसून

www.4eno.in up police

2. वृक्ष
3. गाछ
4. पादप

प्र. 94 - निम्न वाक्यों में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिए।

1. न एक ठीक है न दूसरा।
2. दोनों में से एक कोई काम पूरा नहीं हुआ।
3. दरवाजा बंद कर दो।
4. इनमे से कोई नहीं

प्र. 95 - निम्न में से 'हंस' शब्द का अनेकार्थी शब्द क्या है?

1. जीवात्मा
2. जीभ
3. जीत
4. जन

प्र. 96 - काव्य में जहाँ प्रशंसा के द्वारा अथवा निंदा के द्वारा प्रशंसा की जाती है वह कौन सा अलंकार होता है?

1. आक्षेप
2. ब्याज स्तुति
3. आप्रस्तुत प्रशंसा
4. निंदा अलंकार

प्र. 97 - कौन सा द्विग समास का उदहारण निम्न में से नहीं है?

1. चौगुना
2. चौमासा
3. त्रिफला
4. चन्द्रमुख

प्र. 98 - 'अवनत' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग क्या है?

1. नत
2. अ
3. अव
4. अवन

प्र. 99 - निम्न वाक्यों में से निश्चयवाचक वाक्य का चयन कीजिए।

1. वह कहाँ चला गया?

www.4eno.in
up police

2. कृपया दरवाजा खोलिए।
3. मैंने सब काम कर लिया है।
4. उसे एक तार दिया जाए।

प्र. 100 - 'अंश - अंस' शब्द युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिए।

1. हिस्सा - बाद
2. बाद - कंधा
3. हिस्सा - कंधा
4. इनमे से कोई नहीं

प्र. 101 - 'मंटो मेरा दुश्मन' किस प्रकार की रचना है?

1. उपन्यास
2. व्यंग
3. संस्मरण
4. नाटक

प्र. 102 - 'औचित्य संप्रदाय' के प्रवर्तक थे?

1. उपन्यास
2. आनंदवर्धन
3. कुटंक
4. क्षेमेन्द्र

प्र. 103 - 'छायावाद' शब्द का प्रथम प्रयोग किसने किया था?

1. गणेश बिहारी मिश्र
2. मुलुटधर पांडेय
3. डॉ. नगेन्द्र
4. गया प्रसाद शुक्ल

प्र. 104 - हिंदी साहित्य के सर्वप्रथम मौलिक उपन्यास 'परीक्षा गुरु' कब प्रकाशित हुआ?

1. 1877
2. 1891
3. 1882
4. 1977

प्र. 105 - 'चम्पू' काव्य किसे कहते हैं?

1. पद्य को

www.4eno.in
up police

2. गद्य को
3. गद्य और पद्य मिश्र रचनाओं को
4. इनमे से कोई नहीं

प्र. 106 - निम्न में से कौन उत्तर प्रदेश के उन्नाव से सम्बंधित है?

1. ओंकारनाथ त्रिपाठी
2. राजेंद्र बाला घोष
3. रामविलास शर्मा
4. हरिकृष्ण

प्र. 107 - निम्नलिखित में से सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता है।

1. कहीं आग लग गई, कहीं गोली चल गई।
2. श्वानों को मिलता दूध-वस्त्र, भूखे बालक अकुलाते हैं।
3. यह कदम्ब का पेड़, अगर माँ होता जामुन तीरे
4. हवा हूँ, हवा हूँ, मैं वसंती हवा हूँ,

प्र. 108 - 'निषेध' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग किया जाता है?

1. निस्
2. निष
3. निष्
4. नि

प्र. 109 - आजकल भारत में अच्छे नेता का होना एक <u>अपवाद</u> है। रेखांकित शब्द का अनेकार्थी शब्द क्या है?

1. आशावाद, निराशावाद
2. एकतावाद, अनेकतावाद
3. कलंक, वह प्रचलित शब्द जो नियम के विरूद्ध हो
4. सामवाद, आतंकवाद

प्र. 110 - <u>आगामी</u> स्टेशन जामा मस्जिद है। रेखांकित शब्द का विलोम बताइए।

1. गत
2. निकलना
3. अंतिम
4. पिछला

प्र. 111 - गोधूम शब्द का तत्सम रूप क्या है?
1. गौशाला
2. धर्मशाला
3. गेंहू

www.4eno.in
up police

4. धान

प्र. 112 - दिए गए विकल्पों में से कौन सा शब्द बिजली का पर्यायवाची नहीं है?

1. मन्दाकिनी
2. दामिनी
3. सौदामिनी
4. तड़ित

प्र. 113 - 'सच्चरित्र' शब्द में मूल शब्द क्या है---

1. 'स'
2. च्चरित्र
3. चरित्र
4. रित्र

प्र. 114 - 'भावातीत' शब्द समास विग्रह क्या होगा?

1. भाव से तीत
2. भाव और तीत
3. भाव और अतीत
4. भावों से तीत

प्र. 115 - 'पैदल' शब्द का तत्सम रूप है:

1. पांव
2. पद
3. पदाति
4. इनमे से कोई नहीं

प्र. 116 - निम्नलिखित में से कौन सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?

1. प्रास्तावना
2. प्रसतावना
3. प्रस्तावना
4. परस्तावना

प्र. 117 - निम्नलिखित में से कौन सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध है?

1. उल्लेखनय
2. उल्लेखनिय
3. उल्लेखनीय
4. उलेखनीय

www.4eno.in
up police

प्र. 118 - 'हाय! यह क्या हो गया' यह वाक्य किस वाक्य का उदाहरण है?

1. आज्ञार्थक वाक्य
2. प्रश्नवाचक वाक्य
3. संकेतवाचक वाक्य
4. विस्मयादिबोधक

प्र. 119 - 'आज न तो राम आया और नहीं अजय' यह वाक्य किस वाक्य का उदाहरण है?

1. आज्ञार्थक वाक्य
2. निषेधार्थक वाक्य
3. संकेतवाचक वाक्य
4. विस्मयादिबोधक

प्र. 120 - 'यश:+धरा=यशोधरा' किस संधि के अंतर्गत आएगा?

1. स्वर संधि
2. व्यंजन संधि
3. विषर्ग संधि
4. इनमे से कोई नहीं

www.4eno.in
up police

Sample Papers Available for General Knowledge, General Hindi, Reasoning in Hindi, Simple Mathematics Questions, Numerical Ability, Uttar Pradesh Gk.

**Download More Practice Paper For Up Police in Hindi**

**Answer Key**

| Question No. | Answer | Question No. | Answer | Question No. | Answer |
|---|---|---|---|---|---|
| 61 | 3 | 81 | 2 | 101 | 3 |
| 62 | 2 | 82 | 3 | 102 | 4 |
| 63 | 1 | 83 | 2 | 103 | 2 |
| 64 | 4 | 84 | 2 | 104 | 3 |
| 65 | 4 | 85 | 2 | 105 | 3 |
| 66 | 1 | 86 | 2 | 106 | 3 |
| 67 | 4 | 87 | 1 | 107 | 3 |
| 68 | 2 | 88 | 4 | 108 | 4 |
| 69 | 4 | 89 | 1 | 109 | 3 |
| 70 | 1 | 90 | 4 | 100 | 1 |
| 71 | 4 | 91 | 4 | 111 | 3 |
| 72 | 2 | 92 | 2 | 112 | 1 |
| 73 | 3 | 93 | 1 | 113 | 3 |
| 74 | 1 | 94 | 1 | 114 | 3 |
| 75 | 3 | 95 | 1 | 115 | 3 |
| 76 | 3 | 96 | 2 | 116 | 3 |
| 77 | 4 | 97 | 4 | 117 | 3 |
| 78 | 4 | 98 | 3 | 118 | 4 |
| 79 | 2 | 99 | 3 | 119 | 2 |
| 80 | 3 | 100 | 3 | 120 | 3 |

www.4eno.in
up police